तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 व्यय प्रेक्षक ने एरला, बयानार एवं भाटपाल चेकपोस्ट...



10 नेशनल हाईवे में वाहनों की टक्कर से 24 घंटे में दो...



## खबर संक्षेप

### लो-वॉल्टेज से 2 दिन 40 गांव में नहीं पहुंचा पेयजल



**जगदलपुर** । बस्तर जिले के भानपुरी, फरसागुड़ा, सालेमेटा क्षेत्र में बिजली का लो-वॉल्टेज होने से दो दिन से सालेमेटा में स्थित पीएचई का 4.8 एमएलडी टंकी में पानी नहीं चढ़ा। इसके चलते आसपास के लगभग 40 गांव के ग्रामीणों को पानी नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीण परेशान रहे। इसकी सूचना मिलते ही विद्युत कंपनी जगदलपुर ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता सलीम खान ने वॉल्टेज बढ़ाने का प्रयास किया। उसके बाद परचनपाल से भानपुरी, फरसागुड़ा, सालेमेटा का बिजली लाइन का वॉल्टेज बढ़ाया। सालेमेटा के पीएचई के इलेक्ट्रीशियन पीला बाबू बघेल ने बताया कि तीसरे दिन गुरुवार की दोपहर 12 बजे वॉल्टेज बढ़ने से टंकी में पानी चढ़ाया। शाम को सभी 40 गांव को पानी पहुंचा, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। ग्रामीणों ने बताया कि पानी नहीं होने से दो दिन तक बोरिंग एवं कुएं का उपयोग कर पानी लिया।

### ट्रांसफॉर्मर बदलने से 3 घंटे बंद रही बिजली



**जगदलपुर** । शहर के तहसील कार्यालय के सामने ट्रांसफॉर्मर खराब होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं की सूचना पर गुरुवार को इस ट्रांसफॉर्मर को बदला गया, जिससे सुबह 10.30 बजे से दोपहर एक बजे तक यानि 3 घंटे बिजली बंद रही। इससे डाकघर का कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं आसपास के क्षेत्र के लोग प्रभावित हुए। बिजली बंद के दौरान आधा दर्जन विद्युत कर्मचारी सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में जुटे रहे।

### मानसिक रूप से परेशान महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**जगदलपुर**। बुधवार दोपहर ओडिशा निवासी एक महिला ने नगरनार थाना क्षेत्र के मारकेल स्थित रेलवे स्टेशन के करीब मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। नगरनार पुलिस द्वारा मोबाईल के माध्यम से शव की शिनाख्त कर पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द शव कर दिया। जानकारी के मुताबिक घटना दोपहर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। मामले की जांच कर रहे एएसआई रैनू मौर्य ने बताया कि मृतिका आलीलिया 41 वर्ष ओडिशा के कोटपाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनावण्डी की रहने वाली थी। बुधवार दोपहर दो बजे के लगभग वह अपने गांव की एक महिला के साथ जगदलपुर की ओर आ रही थी। इसी बीच वह मारकेल के पास उतर गई और साथी महिला जगदलपुर की ओर चली गई। इसके बाद वह मारकेल रेलवे स्टेशन की ओर गई और मालगाड़ी के सामने कूद गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका के पास मिले मोबाइल से कॉल कर उसकी शिनाख्त की गई। परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से परेशान थी और उसका विशाखापटनम में उपचार किया जा रहा था। मृतिका के पति प्रभुदान ने बताया कि दोपहर में गांव में ही शादी समारोह में पूरा परिवार गया हुआ था। वापस आने पर वह घर पर नहीं थी और उसकी पतासाजी की जा रही थी। इसी बीच पुलिस से उसके मौत की जानकारी मिली। नगरनार पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर गुरुवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# रेलवे स्टेशन की बदल रही तस्वीर, जोरों से हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


आने वाले दिनों में रेलवे स्टेशन की सूरत पूरी तरह से बदल जाएगी। देश के बड़े स्टेशन की तर्ज पर जगदलपुर स्टेशन आकार ले रहा है। अमृत भारत स्टेशन के नॉर्म्स के अनुरूप तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। नया स्टेशन बिल्डिंग को इतना मजबूत बनाया जा रहा है, ताकि आने वाले 100 वर्षो तक भवन में भूकंप का भी असर न हो सके। नए स्टेशन बिल्डिंग के साथ-साथ एक और दो नम्बर प्लेटफॉर्म में कुल 13 शेड (सेल्टर) बिछाने का कार्य अंतिम चरण पर है।

अलग खबर

## एक नम्बर प्लेटफॉर्म में शेड बिछाने का कार्य अंतिम चरण में

**खास बातें**

- अमृत भारत स्टेशन के नॉर्म्स के अंतर्गत नया भवन ले रहा आकार
- अत्याधुनिक प्रतीक्षालय और वीआईपी लाउंज बनकर तैयार



### बुजुर्ग और बीमार मरीजों के लिए लिफ्ट

जगदलपुर स्टेशन में नया स्टेशन बिल्डिंग कार्य यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। खासकर बुजुर्ग और बीमार मरीजों के लिए लिफ्ट की सुविधा दी जा रही है। बाहर से जगदलपुर आने वाले मुसाफिरों के ठहरने सशुल्क डोरमेट्री और एसी रिटायरिंग रूम समेत सर्व सुविधायुक्त यात्री प्रतीक्षालय बनाया जा रहा है। एक प्लेटफॉर्म से दूसरे व 5 वे प्लेटफॉर्म तक आने-जाने के लिए एफओबी का निर्माण किया जाना है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। आने वाले 50-100 वर्षो तक भवन में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**सौरभ प्रसाद**, डीआरएम

विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम सौरभ प्रसाद के मुताबिक अमृत भारत स्टेशन में शामिल जगदलपुर स्टेशन के लिए 17 करोड़ रुपये की स्वीकृति है। जिसमे प्रथम चरण में 6 करोड़ रुपये का कार्यादेश जारी किया जा चुका है। स्टेशन के पुराने भवन का उन्नयनिकरण कार्य भवन के भीतर और बाहर जोर-शोर से किया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो पुराने बिल्डिंग रिनोवेशन कार्य मई तक पूरा होना का अनुमान है। नए स्टेशन बिल्डिंग में रिटायरिंग रूम, डोरमेट्री, प्रतीक्षालय, लिफ्ट, सेल्टर और एक नम्बर प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने का कार्य सम्मलित है। जबकि दूसरे चरण में एक नम्बर से 5 नम्बर तक 12 मीटर का एफओबी फुट ओवर बृज व अन्य कार्य किये जायेंगे।

**समस्या:** अंचल में भारी गर्मी से हजारों क्विंटल सूखत का अंदेशा, प्रभारियों के माथे में चिंता की लकीरें

# केंद्रों में 7 लाख क्विंटल से अधिक धान खुले में सूखत व भीगने की आशंका से प्रभारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों में धान खरीदी कार्य 4 फरवरी को समाप्त हो चुका है। समूचे सम्भाग में लगभग 1 करोड 24 लाख क्विंटल रिकॉर्ड खरीदी हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में 21 लाख क्विंटल से ज्यादा खरीदी की गई। लेकिन उठाव की सुस्त रफ्तार से सैकड़ों उपार्जन केंद्रों में लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे जमा है। खरीदी समाप्त हुए लगभग 2 माह हो चुका है, बावजूद अभी भी बस्तर संभाग के सातों जिलो को मिलाकर 7 लाख 7 हजार 968 क्विंटल धान विभिन्न उपार्जन केंद्रों में खुले आसमान के नीचे जाम है। मार्च से गर्मी का प्रकोप प्रारम्भ हुआ जो अप्रैल आते-आते भीषण गर्मी का असर समूचे बस्तर अंचल में देखा जा रहा है। धूप और गर्मी के इतर पिछले दो दिन शाम के समय मौसम में बदलाव देखा रहा है। इधर मौसम विज्ञान केन्द्र ने आगामी 6 अप्रैल को बारिश होने का अंदेशा जताया है। खुले आसमान के नीचे हजारो थप्पियों में रखा धान पर सूखत की मार पड़ने से उपार्जन केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ गई है। इस सम्बंध में लेम्पस प्रभारी से पूछने पर उठाव नियमित अंतराल में होने की बात कर रहे है।

**बिन मौसम बारिश से भीगने की आशंका से भयभीत हैं उपार्जन केंद्र प्रभारी**



### कहां कितना धान जाम

बस्तर संभाग में 779968 क्विंटल धाम सभी जिलों के विभिन्न उपार्जन केंद्रों में जाम है। कांकेर जिले में सर्वाधिक 321571 क्विंटल धान सुखत की चपेट में है। इसी तरह बस्तर जिले में 173145 क्विंटल, कोंडागावं में 169808 क्विंटल, बीजापुर में 83413, दंतेवाड़ा में 2122, नारायणपुर में 8188 और सुकमा जिले में 21717 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में जाम है।

### बोलने से घबरा रहे प्रभारी

विभिन्न लेम्पस प्रभारियों को धान खरीदी अथवा उठाव के बारे में जानकारी मांगने पर कुछ भी कहने से बच रहे है। यहां तक सूखत को लेकर सवाल करने पर दबी जुबान से इसकी पुष्टि करते हैं, लेकिन खुल कर कहने से बच रहे है। यह जरूर कहते है कि अब सूखत की भरपाई हमसे कराया जाएगा। हर वर्ष सूखत समस्या को लेकर जिला प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया जा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने से चिंता तो बढ़ेगी।

# सुस्त निर्माण कार्य पर ठेकेदारों को फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं : भगत
- अपर आयुक्त ने नक्सल प्रभावित कोलेंग में निर्माणाधीन हाईस्कूल भवन का किया निरीक्षण

हाऊसिंग बोर्ड की ओर से नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोलेंग में हाईस्कूल, बस्तर, बकावंड, करपावंड में एसडीएम कार्यालय भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माणाधीन भवन कार्य का हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर वृत्त के अपर आयुक्त एसके भगत ने निरीक्षण किया। इस दौरान श्री भगत ने सुस्त निर्माण कार्य से नाराजगी दिखाई और कार्य तेजी करें, तय समय में निर्माण कार्य पूरा करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उनके निरीक्षण से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने पदस्थ होते ही बोर्ड के निर्माणाधीन कार्य समय-समय पर मानिटिंग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसके अलावा पुलिस ट्रांजिस्ट बिल्डिंग, पंडरीपानी कालोनी के कार्यों के गुणवत्ता की जांच की और ठेकेदारों को निर्देश दिए। उनके साथ निरीक्षण में बोर्ड के प्रभारी उप आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सीके ठाकुर, श्री कश्यप, एसडीओ, उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार शामिल रहे।

### गुणवत्ता का ध्यान रखें

अपर आयुक्त श्री भगत ने कहा कि लापरवाही में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें। ऐसा करें कि शिकायत न हो सके। उन्होंने बताया कि वे समय-समय पर बोर्ड की ओर निर्माणाधीन भवन कार्यों का अवलोकन कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री के सभा स्थल का लिया जायजा ...



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर छोटे अमाबाल भानपुरी मण्डल नारायणपुर विधानसभा के सभा स्थल का प्रभारी नितिन नबीन एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने निरीक्षण किया। इस दौरान महामंत्री संगठन पवन साय, वनमंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, शिव रतन शर्मा, भूपेंद्र सवंन्नी, श्रीनिवास मद्दी, विद्या शरण तिवारी, महेश जैन, रूप सिंह मंडावी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक दिन पहले तैयारी पूरी कर ली जाए : नबीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रधानमंत्री की जनसभा के प्रभारी बनाए गए केदार कश्यप
- दो घंटे चली बैठक में तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चैत्र नवरात्रि आरंभ होने के एक दिन पूर्व 8 अप्रैल को बस्तर आएंगे। भानपुरी क्षेत्र के गांव छोटे आमाबाल में प्रधानमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी सभा को लेकर तैयारियां आरंभ कर दी हैं। गुरुवार की सुबह छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री की चुनावी सभा की तैयारी व रुपरेखा को लेकर वरिष्ठ नेताओं की दो घंटे तक बैठक ली, जिसमें मोदी की सभा के लिये सभी कार्य व तैयारी को एक दिन पहले पूरा करने कहा गया। प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा के प्रभारी का दायित्व वन मंत्री केदार कश्यप को सौंपा गया है।

# ओडिशा से अवैध शराब लेकर आ रहा एनएमडीसी कर्मी गिरफ्तार



**जगदलपुर**। जिले की नगरनार व परपा पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर हजारों रुपए की अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में दो एनएमडीसी नगरनार में कार्यरत कंपनी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। इसके अलावा तीसरा आरोपी साड़गुड़ का रहने वाला है जिसे पोड़ागुड़ा चौक से गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के मुताबिक पहली कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो ओडिशा से अग्रेंजी शराब व बीयर लेकर आ रहे थे। उनके कब्जे से 11.275 लीटर अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 8 हजार 510 रुपए व बाइक जब्त किया गया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सक्रिय महिला नक्सली को सुरक्षाकर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ा

**जगदलपुर**। सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र से सक्रिय महिला नक्सली को महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बीजापुर के पिड़िया की रहने वाली महिला नक्सली आगजनी मामले में शामिल थी जिसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी किरण चव्हाण के निर्देश पर चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बुधवार को थाना जगरगुण्डा से निरीक्षक सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में डीआरजी की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए ग्राम तारलागुड़ा, कोरमेटा व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान कोरमेटा टेकरी रास्ता के पास एक संदिग्ध महिला पुलिस पार्टी को अपने ओर आते देखकर छिपते हुए भागने लगे। जिसे अभियान में शामिल महिला ▶▶| शेष पेज 10 पर



## ट्रायबल मंत्री ने महेश कश्यप को जिताने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

# छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा: नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कृषि व ट्रायबल मंत्री रामविचार नेताम ने बस्तर दौरे पर शक्ति केन्द्र प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करते महेश कश्यप को जिताकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। छत्तीसगढ़ को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। आज उनकी गारंटी पर छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों के पीएम आवास का सपना पूरा होने जा रहा है। किसानों को धान खरीदी प्रति क्विंटल 3100 रूपये, दो साल का बकाया बोनस का भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि महेश कश्यप संसद में बस्तर की आवाज बनेंगे। प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाने कार्यकर्ता एक-एक मतदाता व लाभार्थियों से संपर्क करें। बैठक में सुधीर पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, गोदावरी साहू, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, अश्विन सरडे, राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, आलोक अवस्थी, मनोहर तिवारी, आर्येन्द्र आर्य, संग्राम सिंह राणा, आशुतोष पाल, राकेश तिवारी, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, बबलू दुबे, राजपाल कसेर, शशिनाथ पाठक, निर्मल पाणिग्रही, विक्रम सिंह यादव, खेम सिंह देवांगन, प्रकाश झा, रौशन झा, सुरेश कश्यप, सतीश बाजपेयी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश सरकार मोदी की गारंटी कर रही पूरा

बस्तर लोकसभा प्रभारी महेश जैन ने कार्यकर्ताओं से बस्तर को कांग्रेस मुक्त बनाने का आह्वान करते हुये कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा है। देश को समृद्ध बनाने व विकास के लिये केन्द्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार का निर्वाचित होना आवश्यक है। भाजपा के समस्त कार्यकर्ता राष्ट्र का गौरव बढ़ाने के लिये परिश्रम करते हैं। प्रदेश में तीन महीने के कार्य अवधि में ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता से किये वादों को पूरा कर मोदी की गारंटी को साकार किया है।



### कांग्रेसी कुशासन के दंश को भोगा

लोकसभा संयोजक श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले पांच वर्ष कांग्रेसी कुशासन के दंश को भोगा था जब प्रदेश में विकास ठप और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की सत्ता से उखाड़ फेंकने के बाद जनता स्वयं सकारात्मक परिवर्तन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के पिछले तीन महीने में महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष जहां अर्नगल प्रलाप और गुमराहवादी राजनीति में व्यस्त है, वहीं भाजपा सकारात्मक और धनात्मक राजनीति को लेकर जनआशीर्वाद मांग रही है।

### जीत दिलाने एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित

जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने कहा कि बस्तर लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने संगठन का एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित है और प्राणप्रण से कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई आशा व उमंग के साथ देश आगे बढ़ रहा है, आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से लोकसभा चुनाव में 400 की संख्या पार कर एक बार फिर से हम मोदी सरकार बनाएंगे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### लंजोडा में ट्रांसफार्मर की क्षमता में की जाएगी वृद्धि

**कोण्डागांव।** विद्युत उपभोक्ताओं को पॉवर कट और लो वोल्टेज की समस्या से राहत दिलाने के लिए ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का काम छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को लंजोडा उपकेन्द्र से निकलने वाली सभी लाइनों में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कार्य के लिए विद्युत प्रवाह बंद रहा। समयावधि जरूरत अनुसार घटाई–बढ़ाई जा सकती है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता अशोक द्विवेदी ने बताया कि लंजोडा उपकेन्द्र मेंपॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान होने के साथ ही उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

### बिजली चमकने से बाइक सवार गिरे, दो घायल



**फरसगांव।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रांधना नयापारा जंगल के पास बाइक से गिरकर रांधना कोकोडीगांव का युवक रामलाल मरकाम और सुरतु नेताम घायल हो गए । जिन्हें उपचार के लिए फरसगांव अस्प्ताल में भर्ती किया गया है। घायल रामलाल ने बताया कि वह सुरतु के साथ बाइक से घर जा रहे थे, तभी नयापारा जंगल के पास अचानक आकाशीय बिजली चमकी। बिजली चमकने से चालक रामलाल की आंखों के सामने अंधेरा छाया गया और बाइक अनियंत्रित हो गई। वाहन गिरने से दोनों घायल हो गए हैं।

### एग्जिट पोल के प्रसारण पर 19 से 1 जून तक प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन–2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रें में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# व्यय प्रेक्षक ने एरला, बयानार एवं भाटपाल चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

**उड़नदस्ता को लगातार घूम- घूमकर कार्रवाई करने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान ने जिले की सीमा पर लगाये गए स्थैतिक निगरानी दल के चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। बुधवार को उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमा पर बने एरला चेकपोस्ट पर पहुंच ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली एवं आने जाने वाले वाहनों की सभी जानकारी पंजीबद्ध करते हुए हर गाड़ी की जांच के लिए निर्देशित किया। गुरुवार को उन्होंने कोण्डागांव एवं नारायणपुर जिले की सीमा पर लगाए गए स्थैतिक निगरानी दल के बयानार एवं भाटपाल चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने की जा रही कार्रवाई की



**दल के कर्मियों से की मुलाकात**

प्रेक्षक मार्ग में मर्दापाल के निकट कार्रवाई कर रहे उड़नदस्ता दल के कर्मियों से मुलाकत कर की। दल के कर्मचारियों को अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने दल को एक ही स्थान या क्षेत्र तक सीमित न रहते हुए घूम- घूमकर पूरे क्षेत्र में निगरानी करने कहा। किसी भी प्राप्त शिकायत पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करने तथा इस दौरान जब्त की गई सभी समाग्रियों की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक को प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।



जानकारी लेते हुए सभी स्थैतिक निगरानी दलों को ईएसएमएस एप्प को मोबाइल में इंस्टॉल कर की जा रही है। कार्रवाई की जानकारी त्वरित रूप से एप के माध्यम से अपडेट करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने पंजियों की जांच करते हुए प्रत्येक कार्रवाई की वीडियोग्राफी अवश्य कराने के लिए निर्देशित किया।

**सड़क दुर्घटना: रफ्तार के कारण थम नहीं रहीं दुर्घटनाएं**

# नेशनल हाईवे में वाहनों की टक्कर से 24 घंटे में दो बाइक चालक की मौत, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। बुधवार को चारपहिया व दोपहिया की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं गुरुवार को भी दोपहर माजदा व बाइक की भिड़त की एक व्यक्ति की मौत हो गई।

- माजदा और दोपहिया वाहन की टक्कर में बाइक चालक की मौत

नेशनल हाइवे 30 बोरगांव के पास बुधवार की रात लगभग 7.30 बजे बाइक और माजदा वाहन ने आमने सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी । इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक चालक की फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी अनुसार भारत साहू पिता दिनेश साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम टिकनपाल जो कि कोंडागांव ब्रांच के स्वंदना स्फूर्ति फाइनेंस में लोन ऑफिसर के पद पदस्थ था, जो हर दिन की तरह फरसगांव में कलेक्शन काम करते हैं।



बुधवार को भी वह फरसगांव में कलेक्शन कर वापस अपनी बाइक सवार होकर कोण्डागांव जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाइवे 30 बोरगांव के पास सामने से आ रही माजदा वाहन क्रमाक सीजी 04 एचएम 9611 से टक्कर हो गई । इस हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एम्बुलेंस वाहन से उपचार के लिए फरसगांव अस्प्ताल लाया गया। लेकिन उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद माजदा वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुँचकर दोनों वाहन को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगाँव पुलिस ने मर्ग कायम कर गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस द्वारा थाने में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



### बहिगांव के पास बोलेरो- बाइक भिड़ंत, एक चालक की मौत

**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 बहिगाँव के पास गुरुवार को अपरान्ह लगभग 3 बजे बाइक और बोलेरो की भिड़त हो गई। टक्कर में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। घायल को अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम केरावाही निवासी धनेश नेताम पिता मोतीराम नेताम के रूप में हुई है। मृतक अपने रिश्तेदार के घर ग्राम अरण्डी गया हुआ था । अपने घर आने के दौरान बोलेरो वाहन से टकरा गया। बाइक और बोलेरो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो वाहन के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है । फरसगांव पुलिस मृतक के शव को चीरघर में रखकर परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

# अनतपुर में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों को घोड़सोड़ा निवासी सीताराम पोयाम पिता बैसाखु राम पोयाम द्वारा अपने घर पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश डाण्डे के मार्गदर्शन पर थाना अनंतपुर एवं सायबर सेल कोण्डागांव की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान सीताराम पोयाम के घर से अंग्रेजी शराब फ्रन्ट लाइन 07 नग, मुड ऑफ अंग्रेजी शराब 02 नग, अंग्रेजी शराब नम्बर 01 मेकडावल, 03 नग, अंग्रेजी शराब विन्ड सोर 06 नग, अंग्रेजी शराब बियर किंगफिसर 05 नग, कुल जुमला 7.075 लीटर अवैध शराब जप्त की गयी। जिसकी किमत 4580 रूपये का अनुमान लगाया गया है। शराब को जब्त कर सीताराम पोयाम के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध की गयी है। कार्रवाई में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, सहायक उप निरीक्षक अभिराम मेश्राम, डोमन दीवान, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र मरकाम, भावेश मण्डावी एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण पटेल, प्रधान आरक्षक अजय बघेल, आर. अजय देवांगन, संतोष, बिरजू, विष्णु उपस्थित रहे।

# जय सतनाम पंथी पार्टी कोंडागांव को मिला देवदास पंथी साधक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जय सतनाम पंथी पार्टी को बिलासपुर मस्तूरी में कलमकार मंच साहित्य द्वारा जय सतनाम पंथी पार्टी को स्व देवदास बंजारे पंथी साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पंथी दल के संचालक विशाल बंजारे ने जय सतनाम पंथी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर सम्मन प्राप्त किया। इससे पहले भी जय सतनाम पंथी पार्टी जिला कोंडागांव ने कई सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

कोंडागांव जिले में पंथी पार्टी के इतिहास सन् 1982 से रहा है तत्कालीन समय में स्वर्गीय सीसी एल मारकंडे ,आरके बंजारे , उदय लाल मारकंडे और अन्य पंथी कलाकारों ने कोंडागांव के इतिहास में पंथी की नींव राखी,कई बड़े मंचों में अपनी प्रस्तुतीकरण किया आकाशवाणी व दूरदर्शन पर भी प्रस्तुतिकरण दी। वर्ष 2011 एवं 2012 में तत्कालीन समय के पंथी संचालक आर के बंजारे पंथी ,निर्देशक सानू मारकंडे,संगीत





निर्देशक जयकिशन मार्कण्डेय एवं अन्य प्रतिभावान पंथी कलाकार साथियों के माध्यम से राज्य स्तर पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आयोजित गुरु घासीदास लोक महोत्सव जिला दुर्ग में तृतीय स्थान 50000रुपए की सम्मान राशि एवं जिला मुंगेली में आयोजित राज्य स्तर पंथी प्रतियोगिता गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर 100000 रुपए की सम्मन राशि प्राप्त किया है। वर्तमान में प्रतिभावान साथी विशाल बंजारे एवं उनके समस्त कलाकार साथी द्वारा जय सतनाम पंथी पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाया जा रहा है। 29 मार्च को जिला बिलासपुर मस्तूरी में कलमकार मंच द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्व. देवदास बंजारे पंथी साधक सम्मान की प्राप्ति से सतनामी समाज जिला कोंडागांव गौरवान्वित हुआ।

# प्राथमिक शाला कमेला में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर बसे संकुल केंद्र कमेला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कमेला में बिटिया कुमारी लिशीका पांडे के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर न्योता भोज का आयोजन हुआ। जिला समग्र शिक्षा विभाग से शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त स्टाफ ने बिटिया के मम्मी पापा तथा छात्र–छात्राओं की गरिमापूर्ण उपस्थिति में मां सरस्वती के चलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित



पुजा अर्चना कर दीर्घायु तथा मंगल कामनाओं के लिए प्रार्थना प्रेषित की। जन्मोत्सव अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संकुल समन्वय गौतम राम पांडे विद्यालय के शिक्षक चेतना बघेल,निहाल मरकाम, टोनिका बैध एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कौशिक चंद्र पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मानबती पांडे एवं संस्था के अन्य स्टाफ रितेश सेठिया, मिलन बैध एवं ग्रामीण देवव्रत पांडे,मंगलाचरण एवं समस्त छात्र–छात्रओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

बिटिया कुमारी लिशीका पांडे का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ पालक द्वारा मुंह मीठा करवाकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई।

### लोस चुनावः मतदान के 48 घंटे पूर्व से मदिरा दुकानें व होटल–बार रहेंगे बंद

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुद्दावत द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 यथा संशोधित 1996 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए प्रथम चरण के नियत मतदान तिथि 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों में मतदान होने के कारण 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से मतदान की समाप्ति तक कोण्डगांव में संचालित देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान तथा सैनिक कैंटिन बंद रहेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार इसी तरह द्वितीय चरण में के नियत मतदान तिथि 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान होने के कारण 24 अप्रैल से मतदान की समाप्ति तक फरसगांव और केशकाल में संचालित देशी और विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखा जाएगा। उक्त अवधि को शुष्क दिवस घोषित करते हुए संबंधित क्षेत्रें में समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 (घघ– कम्पोजिट), एफएल 3 होटल–बार, एफएल 7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार, भांग–भांगघोटा में विक्रय, परोसना, परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## लोकसभा निर्वाचन, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलेगा दिव्यांग रथ

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुद्दावत के मार्गदर्शन में मतदान दिवस पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क विशेष वाहन सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। जिसके लिए गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा मतदान केन्द्र तक दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान दिवस पर लाने एवं वापस ले जाने के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था 'दिव्यांग रथ' का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष सुविधा का लाभ उठान के लिए हितग्राही बुकिंग नम्बर 1950 पर काल कर निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण ललिता लकड़ा एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी है। इसके अतिरिक्त अन्य ऐसे वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाता जो मतदान केन्द्र जाकर मतदान करना चाहते हैं, वे इस दिव्यांग रथ सुविधा का लाभ उठा सकते।



**आंखों की रोशनी बढ़ाने बच्चों को समझाया 'गाजर का महत्व'**

# प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मना गाजर दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व गाजर दिवस प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मनाया गया । कहा जाता है कि यदि अच्छी आदतों को बचपन से ही बच्चों में डाल दिया जाए तो वह सारी उम्र बनी रहती है। गाजर दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य में गाजर का सेवन करने से मिलने वाले फायदों के प्रति जागरूक करना था। ताकि बच्चों को पोषक आहार मिले और भी अपने भोजन में गाजर को नियमित रूप से शामिल करें।

प्रधानपाठक मधु तिवारी ने बताया कि गाजर की उत्पत्ति मध्य एशिया में हुई और अंतरराष्ट्रीय गाजर दिवस 2003 से मनाया जा रहा है चाहे सलाद हो या गाजर का हलवा इसे बहुत ही पसंद किया जाता है। साथ ही आंखों की रोशनी बढ़ाने में गाजर में पाए जाने वाला विटामिन ए बहुत ही लाभकारी है। गाजर का सेवन कर कर अंधत्व का भी निवारण किया जा सकता है। स्वास्थ्य लाभों से भरपूर गाजर हमें नियमित रूप से भोजन में करना चाहिए। गाजर का नियमित सेवन सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाने में मददगार होती है। गाजर में मौजूद फाइबर रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है।

विटामिन एवं बीटा कैरोटीन से मधुमेह के खतरे को कम कर सकते हैं। गाजर में पोटेशियम कैल्शियम विटामिन ए और विटामिन के होता है जो हड्डियों, स्किन को स्वस्थ रखने और आंखों की रोशनी बढ़ाने में सहायक होता है। गाजर दिवस पर सभी स्कूली बच्चों को वार्षिक परीक्षा की समाप्ति के पश्चात न्योता भोज के रूप में गाजर का सेवन कराया गया। इस अवसर पर साल की शिक्षिका स्मिता नेताम भी उपस्थित रहीं।

## पेज 9 के शेष

### ओडिशा से अवैध...

शलभ सिन्हा पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व आईपीएस उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री व परिवहन पर अकुंश लगाने निर्देशित कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा ओडिशा से अवैध शराब का परिवहन कर रहे आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र कुमार खोजी 36 वर्ष निवासी कोठा कुसंगा पोस्ट बकग्राम थाना बालांगा जिला पुरी ओडिशा व थॉमस वारिद 54 वर्ष निवासी अचाडी हाउस अनालूर थाना माडा जिला त्रिशूर केरल दोनों हाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चोकावाडा के कब्जे से 11.275 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब व बाइक जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई महेंद्र ठाकुर, सुदर्शन दुबे, प्रधान आरक्षक, श्याम चंद्राकर, पार्वती ध्रुव व सैनिक ललिता यादव व सत्यनारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**अवैध शराब के साथ बस का इंतजार कर रहा आरोपी गिरफ्तार-** अवैध शराब के साथ बस का इंतजार कर रहे एक अन्य आरोपी को परपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रामचन्द्र सेठिया 39 वर्ष निवासी खासपारा साढ़गुड़ के कब्जे से 14 लिटर 800 एम एल अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 5 हजार 4 सौ रूपए जब्त किया गया है। परपा पुलिस को सूचना मिली थी कि पोड़ागुड़ा चौक के पास अवैध अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी बस का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बीयर व अग्रेंजी शराब जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक दिलबाग सिंह के अलावा एएसआई यज्ञनारायण पानीग्राही, प्रेमप्रसाद पानीग्राही, प्रधान आरक्षक जोगीलाल बुडेक़, राकेश सिंह, आरक्षक रविन्द्र ठाकुर, महिला आरक्षक देवकी व आरक्षक गुरमीत दिवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सक्रिय महिला नक्सली...

सुरक्षा कर्मियों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम लेकाम पालो 35 वर्ष निवासी पीड़िया थाना गंगालूर जिला बीजापुर के रहने वाली तथा प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। उसके खिलाफ थाना जगरगुण्डा में रोड निर्माण कार्य मे लगे वाहन पर आगजनी करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहने का पता लगा। इस मामले में थाना जगरगुण्डा में पूर्व से धारा 147, 148, 149, 323, 431, 435, व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज था। गिरफ्तार महिला नक्सली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटपाल में हुई बैठक



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटपाल में एनक्यूएएस की प्रारंभिक तैयारी के लिए आज बैठक आयोजित की गई। जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉक्टर कुमार गौरव, आकांक्षी जिला फैलो दिव्या, खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉक्टर गौतम कुमार, बीपीएम जेम्स वेक, सीएचओ दीपिका गुप्ता व ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित रहे। इस बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटपाल में सामाग्री का रखरखाव, सामान की उपलब्धता आदि के बारे में चर्चा की गई। गौरतलब है कि शासन द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित करने का उद्देश्य लोगों को अधिक प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

### सहायता राशि स्वीकृत

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिए गए प्रावधानों के तहत मृतकों के निकटतम वारिसों के लिए चार-चार लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है। जिसके तहत कुआकोंडा तहसील अंतर्गत ग्राम मैलावाड़ा पदर पारा निवासी शंकर की पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वैध वारिस लच्छन दई एवं ग्राम गढ़मिरी पुतमरका पारा निवासी पायके की पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वैध वारिस आयतु को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति मिली है।

# शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूह एवं महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर, जनपद कार्यालय के स्टाफ के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रैली खेल मैदान से होते हुए बस स्टैंड साप्ताहिक बाजार से जनपद कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम को समापन किया गया। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों सहित महिला समूहों की दीदियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किये बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, बीपीएम अमित कुजूर, पंचायत निरीक्षक दिनेश साहू, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी ज्योति मथरानी, सुधा श्रीवास्तव, सुनीता रामटेके, माया यादव, सावित्री बघेल, विद्या ठाकुर, बुधयारिन भारती, अनुका चन्द्रवंशी, धनेश्वरी नाग, नीतू यादव, गायत्री साहू, प्रभा नेताम, रामेश्वरी साहू, राजवंती सायमन समेत अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सेक्टर अधिकारियों की हुई बैठक

# निर्वाचन संबंधी दायित्वों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता के साथ निर्वहन करें: सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक में कहा गया कि निर्वाचन संबंधी दायित्वों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता के साथ निर्वहन करें।

इस दिशा में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका है। जो मतदान प्रक्रिया को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी से संबंधित जानकारी, मतदान सामग्री से संबंधित जानकारी, मतदान सामग्री सीलिंग एवं सील करने की सामग्रियों, मतदान के पूर्व तैयारी, मतदान दिवस के दिन मतदान के पूर्व तैयारी, मॉक पोल, ईव्हीएम एवं वीवीपैट को जोड़ना एवं सील करना, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, निविदत्त मतपत्र, अभ्याक्षेपित मत, सेविवर्गीय मतदाता, प्रवासी, अनिवासी मतदाता, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, एएसडी, मतदान अधिकारी 1,2,3 के कार्य तथा मतदान समाप्ति एवं समाप्ति उपरांत के कार्य एवं सामग्री जमा करने के संबंध में भी विस्तृत दिशा निर्देश दिये।


बैठक में ग्रामीण विकास एवं स्थानीय निकायों के संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, आवागमन हेतु रूट सहित मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय जैसी मुलभूत सुविधाओं का सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय की सुविधा हेतु आवश्यक पहल किए जाने हेतु कहा गया। बैठक में अवगत कराया कि सेक्टर अधिकारियों सहित मतदान दलों को निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। उक्त बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी तथा सेक्टर ऑफिसर्स मौजूद थे।

### आत्मसमर्पित परिवारों को चुनाव पर्व में पूर्ण जन भागीदारी देने किया प्रेरित



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप कार्य योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर चुनाव का पर्व, देश का गर्व बताकर, मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में जहां कटेकल्याण, कुआकोंडा के गांव देहात में पूरे परिवार के साथ महुआ एकत्र कर रहे ग्रामीणों के मध्य जाकर उन्हें चुनाव पर्व में अपनी भागीदारी करने का संदेश मतदान जागरूकता दलों द्वारा दिया गया। वहीं पुलिस लाईन कारली में भी आत्मसमर्पित परिवारों को भी ईवीएम मशीन में मतदान करने प्रक्रिया समझाकर उन्हें 19 अप्रैल को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सेक्टर सुपरवाईजरों एवं मितानिनों की बड़ी भूमिका रही है। जो मतदाताओं को सशक्त बनाने तथा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने तथा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। मतदान जागरूकता दल, जिसमें समस्त युवा मतदाताओं एवं गांव की महिलाएं शामिल हैं, ने निर्वाचन संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी युवा मतदान करने अवश्य जाएं और एक स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता देते हुए आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## मतदान केंद्रों में प्रसाधन, पेयजल और छायादार व्यवस्था होनी चाहिए : कलेक्टर



### संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केंद्रों, वाहन अधिग्रहण, वेब कास्टिंग, स्वीप अभियान के संबंध में कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्थापित 10 संगवारी मतदान केंद्र, 6 युवा मतदान केंद्र तथा 1 दिव्यांग मतदान केंद्र के बारे में आवश्यक मुलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने 24 चिन्हांकित मतदान केंद्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्काल करने और विद्युत सेवा बाधित मतदान केन्द्रों में विद्युतीकरण को दुरूस्त करने, 122 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक उपकरण लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में वाहन अधिग्रहण करने और उसमें जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के संबंध में भी कलेक्टर ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में 2000 से अधिक मतदाता है, वहां प्रसाधन केंद्र, पेयजल और छायादार व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही मतदान सामग्री वितरण केंद्र में वितरक टेबलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि मतदान दल सुविधापूर्वक मतदान सामग्री लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकें।

समय-सीमा बैठक में अन्य बिंदुओं की समीक्षा के क्रम में ब्लॉक दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण में निर्माणाधीन आवास योजनाओं की पूर्णता के लिए समयबद्ध लक्ष्य भी दिये गये। साथ ही संबंधित सीईओ से कहा गया कि वे रोजाना इसकी प्रगति की अद्यतन जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।

इसके साथ ही बैठक में डीएमएफ नवीन गाइडलाइन से अवगत कराते हुए इसके अंतर्गत पंचवर्षीय योजनाएं, चालू वर्ष में किये जा रहे कार्यों और डीएमएफ की आवश्यकता वाले आधारभूत क्षेत्रों हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए विभागों को भी निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्व रंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित समस्त विभाग प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नन्हे परिंदे चयन परीक्षा में शामिल हुए 1123 बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में संचालित जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र पातररास दंतेवाड़ा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 6 परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त परीक्षा केन्द्रों में 548 बालक एवं 576 बालिकाएं कुल 1123 बच्चे सम्मिलित हुए। अवगत हो कि नन्हें परिन्दे पातररास दंतेवाड़ा में कक्षा 5वीं के अध्ययन के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष जिले के विभिन्न विकासखण्डों से कुल 150 छात्र-छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष इस संस्था से 50-60 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए होता रहा है। वर्ष 2023 में सैनिक विद्यालय के आयोजित प्रवेश परीक्षा में नन्हें परिन्दे पातररास से 20 बच्चों ने क्वालीफाई किया एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए 49 बच्चों ने सफलता हासिल की है। इस संबंध में जिला मिशन समन्वयक एसएल.सोरी ने बताया कि नन्हें परिन्दे एक उत्कृष्ट संस्था है। नन्हें परिन्दे से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चों का नवोदय विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय जैसी संस्थाओं में होना क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर अवसर है।

नन्हें परिन्दे पातररास के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा को सफल बनाने में जिले के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, संबंधित केन्द्रों के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे। इस दौरान जिले के अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग किया गया।

## लोकसभा प्रत्याशी को जीत दिलाने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

भाजपाइयों ने चाय पे चर्चा के साथ भाजपा प्रत्याशी को लोकसभा में भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। चाय पे चर्चा कार्यक्रम के तहत बुधवार को शक्तिकेंद्र नकुलनार के बूथ क्रमांक-218 में शक्तिकेंद्र के संयोजक व सहसंयोजक, चारों बूथों के अध्यक्ष व प्रभारी, बूथों के ग्रामीण मतदाताओं के साथ बैठक कर केंद्र की मोदी सरकार के लाभकारी जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के समर्थन में कमल फूल छाप में बटन दबाकर भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर चाय पे चर्चा कार्यक्रम प्रभारी व वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम, शक्तिकेंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह गौतम, मंडल सहप्रभारी चन्द्रपाल भदौरिया, गोविंद तिवारी, आशीष चौहान, सुमित भदौरिया, नकुलनार सरपंच रंजना कश्यप, अभिषेक राठौर, शक्तिकेंद्र संयोजक दिनु मुचाकी, विनोद कश्यप, बुधराम ओयामी, सुशीला ओयामी, विनोद, हरेंद्र कश्यप, राधा ओयामी, दिनेश सहित कार्यकर्तागण व मतदाता ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाईजेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन द्वितीय रेंडमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक जे. गणेशन की उपस्थिति में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के., के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के तीनों विधानसभा के लिए मतदान केंद्रों के लिए दल, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्रों के लिए दल, दिव्यांग मतदान दल और रिजर्व मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया।

इसके उपरांत प्रेक्षक गणेशन द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर लोकसभा क्षेत्र के नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और कोंडागांव जिलों से मतदान कर्मियों, युवा मतदान दल, हेलीकॉप्टर से जाने वाले मतदान दल, पैदल जाने वाले मतदान दलों, रिजर्व दल सहित सामान्य मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जुड़े थे। रेंडमाईजेशन के दौरान एनआईसी कक्ष में सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, अन्य एसडीएम और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### निधन

**एल कलावती राव**

**जगदलपुर।** राजेन्द्र नगर वार्ड निवासी एल कलावती राव (80) का उपचार के दौरान मंगलवार की देर शाम 6 बजे निधन हो गया। वे



पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था, उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे 3 पुत्र व नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम संस्कार बुधवार सुबह खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिजन समेत बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मलित हुए। अधिवक्ता व सर्व हिन्दू समाज के जिला सचिव व भाजपा नेता एल ईश्वर राव, एल चंद्रशेखर राव व एल भानुप्रकाश राव की माता थी।

# एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा 18 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिले में संचालित चारों एकलव्य विद्यालयों गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण व कुआकोंडा में कक्षा छठवीं में प्रवेश चयन परीक्षा की तैयारी हेतु चयन परीक्षा के पूर्व, पूर्ण आवासीय कोचिंग क्लास जिले में दी जा रही है। जिसमें प्री मैट्रिक बालक छात्रावास कासोली, बालक आश्रम बारसूर, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बड़ेतुमनार, बालक आश्रम बड़ेपनेडा, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास गीदम, कन्या आश्रम पीना बचेली, कन्या आश्रम मेटापाल, बालक आश्रम पोटाली, बालक आश्रम बुरगुम, कन्या आश्रम परचेली में आस पास के बालक, कन्या आश्रम व प्राथमिक शालाओं में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत बच्चों को एकलव्य विद्यालय 6वीं प्रवेश परीक्षा की निशुल्क कोचिंग दी जा रही है। दंतेवाड़ा सहायक आयुक्त डॉ आनंद जी सिंह ने बताया कि 18 मई को एकलव्य विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जिले के बालक व कन्या आश्रमों व प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पांचवी में अध्यनरत बच्चों को एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा पूर्व निशुल्क आवासीय कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बच्चों को एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं उसके पाठ्यक्रम से संबंधित तैयारी करवाई जा रही है।

### एसडीएम ने छत्तीसगढ़ी में दिलायी शपथ

# मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने स्वीप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



बस्तर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में स्वीप कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शपथ ग्रहण के साथ हुई।

एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने स्वयं छत्तीसगढ़ी में सबको शपथ दिलायी कि देश के प्रत्येक नागरिक को देश विकास की सोच के साथ हमेशा निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और अन्य लोगों को भी निष्पक्ष होकर मतदान के लिए सलाह देनी चाहिए। इसके पश्चात मानव श्रृंखला बना कर आन-बान और शान से, सरकार बने मतदान से, सबसे बड़े दाता है, हम देश के मतदाता है आदि नारे लगाये गए। खंड स्तर के अग्निवीर के ट्रेनर शंकर पटेल एवं 18 वर्ष के ऊपर के अग्निवीर प्रशिक्षक ने भी शपथ ली। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता भी करवाई गई। छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक संदेश दिये। इस मौके पर एसडीएम शंकरलाल सिन्हा, जनपद कार्यपालन अधिकारी गौतम गहीर, तहसीलदार ध्रुव, खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र शेखर यादव, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, खंड स्त्रोत समन्वय पीलाराम, प्राचार्य अशोक खापर्डे, हिन्दी माध्यम और अंग्रेजी माध्यम के समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सुहिणी सोच महिला विंग का चुनाव आज

**जगदलपुर।** सिंधी पंचायत के सचिव हरेश नागवानी ने जानकारी दी है कि 5 अप्रैल को शाम 6 बजे समाज की सुहिणी सोच महिला विंग का सर्वसम्मति से चुनाव सिंधी गुरुद्वारा में होगा। साथ ही सिंधी नवयुवक मण्डल का चुनाव 6 अप्रैल को शाम 6 बजे सिंधु भवन में होगा।

### मतदान दिवस पर अवकाश घोषित

**बीजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण में 19 अप्रैल नियत की गई है। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं। ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा।
छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर (अजजा) में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 89 बीजापुर (अजजा) के लिए जिला बीजापुर में स्थित समस्त कार्यालय के लिए मतदान दिवस पर 19 अप्रैल को मतदान के लिए सामान्य अवकाश रहेगा।

### 4 जून को शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग पाण्डेय द्वारा छत्तीगसढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए समस्त देशी-विदेशी मदिरा (सीएस-2घघ) विदेशी मदिरा दुकानों (एफएल -1घघ) एवं समस्त एफएल-7 कैन्टीन, कमाण्डेट 85, 168,170 एवं 229 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल बीजापुर को मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व अर्थात 17 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे से लेकर 19 अप्रैल मतदान समाप्ति तक मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसी तरह मतगणना 4 जून को शुष्क दिवस में सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### उड़नदस्ता की टीम कर रही वाहनों की जांच

# 2120 वाहनों से 61.28 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में वाहन चालक एवं मालिक बेखौफ परिवहन नियमों उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने वाहनों की जांच की जा रही है। इस पर वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में टीम ने 2120 वाहनों से 61.28 लाख का जुर्माना किया। इसमें से 1131 वाहनों से 19 लाख 2 हजार 600 रूपए का राजस्व वसूला। 22 वाहनों से बकाया टैक्स 9 लाख 20 हजार 029 रूपए, 153 ई-चालान से 13 लाख 52 हजार 800 रूपए भुगतान कराया। जांच के दौरान 20 वाहन ओव्हरलोड मिले, जिनसे 4 लाख 11 हजार रूपए वसूला गया। इसके अलावा परिवहन चेक पोस्ट धनपूंजी में 791 वाहनों से 15 लाख 26 हजार 500 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया और 23 ई-चालान में 2 लाख 82 हजार 100 रूपए, टीपी एवं यानकर से एक लाख 44 हजार 120 रूपए की कार्रवाई की गई।

- 22 वाहनों से बकाया टैक्स 9 .20 लाख व 20 ओव्हरलोड वाहनों से 4 .11 लाख वसूला



#### लक्ष्य से दुगुना दे रहे राजस्व

बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग की ओर से जगदलपुर उड़नदस्ता प्रभारी प्रत्येक माह में लक्ष्य से अधिक राजस्व देने में जुटे हुए हैं। हर माह लगभग 20 लाख रूपए का राजस्व देने का टारगेट दिया जा रहा है पर जगदलपुर उड़नदस्ता प्रभारी लक्ष्य से दुगुना यानि 41 लाख रूपए से अधिक राजस्व दे रहे हैं।

#### उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा श्रमिकों ने स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिदिवस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को अपने आस-पास सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा है।

इसी कड़ी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले पंजीकृत श्रमिकों ने कार्य स्थल पर स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रलोभन के बिना, निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ ली। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीप कार्यक्रम नोडल अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि आम मतदाताओं तक शत-प्रतिशत मतदान के संदेश को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

## सात दिवसीय झूलेलाल महोत्सव गुरुग्रन्थ पाठ से आरंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिंधी गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी की ओर से आयोजित सात दिवसीय झूलेलाल महोत्सव का शुभारंभ गुरूवार को गुरुग्रन्थ पाठ से किया गया। सुंदर दास भोजवानी ने बताया कि ज्ञानी साहब का समाज की महिलाओं ने भजन कर आरती की। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी, पंचायत के पदाधिकारियों सहित समाज सदस्यों की उपस्थिति रही। गुरुद्वारा कमेटी के सचिव संतोष बसरानी ने बताया कि गुरुग्रंथ पाठ साहिब की समाप्ति 10 अप्रैल को होगी, इसी दिन झूलेलाल जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर बाइक रैली, शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9 बजे बाईक रैली सिंधी गुरुद्वारा से निकाल कर नगर भ्रमण करेंगी। जो विभिन्न मार्गोंर् से होते हुए गुरुद्वारा पहुंचेगी। गुरुद्वारा में भक्ति संगीत होगा, गुरुग्रंथ पाठ समाप्ति, भोग, प्रसाद वितरण होगा। दोपहर दो बजे से सिंधु भवन में आम लंगर होगा, शाम 5 बजे से बहराणा साहिब पूजा अर्चना की जाएगी, शाम 6 बजे सिंधी गुरुद्वारा से झूलेलाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कोतवाली चौक, मेन रोड, गोलबाजार चौक, सिरहासार, बलिराम कश्यप चौक से महादेव घाट पहुंचकर घाट की सफाई की जाएगी।

- 10 अप्रैल को निकाली जाएगी बाईक रैली



## नेता प्रतिपक्ष के बयान के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**जगदलपुर।** भाजपा कार्यकर्ता, महापौर सफीरा साहू और लोकसभा सह संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे के नेतृत्व में बुधवार देर शाम कांग्रेस भवन के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। इस दौरान महापौर को भाजपा के प्रदर्शन में देखकर राजीव भवन में मौजूद कांग्रेसी तिलमिला गए और उन्होंने महापौर के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। ज्ञात हो कि हाल ही में महापौर ने सांसद और पीसीसी चीफ दीपक बैज पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ली है। दोनों तरफ से हो रही नारेबाजी की वजह से थोड़े समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण रहा। हालांकि बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। संजय पांडे ने कहा कि कांग्रेस लगातार हार से बौखला गई है और उनके नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं। अब तो कांग्रेस के नेता मोदी को सर फोड़ने की बात कह रहे हैं। दरअसल मंगलवार को राजनांदगांव की सभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने प्रधानमंत्री को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री का लाठी से सर फोड़ने की बात कही थी।

## कलेक्टर की उपस्थिति में किया गया मतदान दलों का रेण्डमाईजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




बस्तर लोकसभा अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 89 बीजापुर (अजजा) के लिए लोकसभा सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन के द्वारा जगदलपुर से विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में गुरुवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर के अंतर्गत जिला बीजापुर के 245 मतदान केन्द्रों में निर्वाचन कराने हेतु मतदान दलों का जिला स्तरीय द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया गया। जिले के 245 मतदान केन्द्रों के लिए 3 दिव्यांगजन, 17 संगवारी मतदान दल का रेण्डमाईजेशन किया गया। जिसमें रिजर्व मतदान दल सहित 108 दल, हेलीकॉप्टर दल सहित 220 सड़क मार्ग मतदान दलों सहित कुल 348 मतदान दलों के कर्मचारियों को मतदान दलों के लिए चिन्हांकित किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी उत्तम सिंह पंचारी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग उपस्थित थे।

## बस्तर विकास पर जो करेगा काम उसी को जनता दे समर्थन : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में जनहितैषी मुद्दों को लेकर सक्रिय बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा है कि देश के लोकतंत्र में हमे अपने प्रतिनिधि के रूप में सांसद चुनने का अधिकार है इस अधिकार का इस्तेमाल बस्तर के मतदाताओं को गुमराह करके किया जाता रहा है। जो जनता के लिए कार्य करे ऐसे नेता को जनता समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के पश्चात से आज पयंर्त तक बस्तर को उसके वास्तविक विकास से वंचित किया गया है। स्थानीय युवाओं को एनएमडीसी नगरनार में प्राथमिकता, स्टील प्लांट के निजीकरण पर रोक, बस्तर में एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालय, जगदलपुर से रायपुर 4 लाइन रोड कनेक्टिविटी, जगदलपुर से रायपुर का जल्द रेललाइन निर्माण, बस्तर के लिए बेहतर इर्रिगेशन योजना, वन उपज के प्रोसेसिंग एवं रोजगार के लिए फैक्टरियां, टूरिज्म के विकास हेतु मद जैसे अन्य मुद्दे शामिल हैं। इस दौरान पीएल विश्वकर्मा, प्रकाश कुमार गोटा, ओम मरकाम मिथलेश कवाशी, मनोज साहू, उदय भंडारी, धनसिंह बघेल, लक्ष्मण मंडावी, मेनका कश्यप, प्रिया यादव, चंदन नेताम, हुडमोराम, नरपति बघेल, नीलाम्बर भद्रे, चामसिंह कश्यप, शंकर लाल कश्यप, भागना करतामी, सूरज नाग, बंटी, अजय सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- बस्तर हितैषी मुद्दों को लेकर प्रत्येक विधानसभा में जनता के बीच चर्चा अभियान चलाएगा



## भेजा में कांग्रेस व जोगी कांग्रेस के 45 कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप बुधवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के सतसपुर, करेकोट, भेजा, बिंता, मुतनपाल समेत दर्जनभर गावों में पहुंचकर ग्रामीणों को सम्बोधित किया। उन्होंने किसानों एवं महिला समूहों से संवाद कर समर्थन मांगा। विधायक विनायक गोयल उनके साथ रहे। इस दौरान कांग्रेस व छत्तीसगढ़ जनता जे के 45 कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया। विधायक ने कहा कि 3 माह के भीतर प्रदेश सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत जो घोषणायें की थी वह पूरी हो रही हैं। महतारी वन्दन योजना की दूसरी किश्त भी मुख्यमंत्री ने महिलाओं के खाते में भेज दिया है। प्रदेश के मुखिया ने सरकार के बनते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की अविलंब स्वीकृति दी। प्रत्याशी ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने प्रत्याशी बनाकर आप सभी के बीच में भेजा है। 60 वर्षोंर् से देश में राज करने वाली कांग्रेस ने गरीबों को सिर्फ छला है। बस्तर को जानबूझकर कांग्रेसियों ने विकास से वंचित रखा। इस क्षेत्र में भी बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है।

इस दौरान रैतु राम बघेल, नरसिंह ठाकुर, आनंद मोहन मिश्रा, चंद्रभान कश्यप, लच्छिन यादव, लक्ष्मी निवास पांडेय, देवी प्रसाद बेंजाम, बाबुल नाग, अविनाश श्रीवास्तव, जयराम दास, लक्ष्मण झा, मनोज पटेल, आनंद झा, अभिषेक तिवारी, दामू, शंभू नाथ बघेल, मनीराम कश्यप, मंगतू कश्यप, बसंत कश्यप, पदम नाग पांडेय, तरुण पाणिग्राही, चन्द्रशेखर ठाकुर, भरत कश्यप सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

- मोदी की गारंटी हो रही पूरी : कश्यप
- 18 लाख गरीब परिवारों को पक्के मकान देने का काम मुख्यमंत्री ने किया : गोयल






## मैत्री संघ विद्या निकेतन का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत

**जगदलपुर।** नगर की सामाजिक संस्था मैत्री संघ द्वारा संचालित मैत्री संघ विद्या निकेतन के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2 अप्रैल को प्राचार्य इंद्राणी नंदी, अध्यक्ष दीपक घोष, उपाध्यक्ष देवव्रत, विद्यालय सचिव अशोक रंजन मुखर्जी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। नर्सरी से लेकर 11वीं तक के बच्चों के परिणाम की घोषणा की गई। दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्रों को छोड़कर इस वर्ष विद्यालय में उत्तीर्ण बच्चों का प्रतिशत 97 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। दो विद्यार्थी को सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कप देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही एक छात्रा को अच्छे व्यवहार एवं अनुशासित ढंग से पूरे वर्ष विद्यालय में रहने के लिए कप देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर आकर्षक ढंग से स्कूल को सजाया था। इसकी प्रशंसा अभिभावकों एवं संस्था के वरिष्ठ सदस्य ने किया। प्राचार्य ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

## शक्ति केंद्र की बैठक में बुथ को मजबूत करने पर रायशुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर मंडल के अन्तर्गत नियानार शक्ति केन्द्र के ग्राम पंचायत सरगीपाल कोरपाल में बुथ स्तर पर बैठकर लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के छोटे आमाबाल में प्रस्तावित दौरा के संबंध में भी चर्चा हुई। इसी तरह ग्राम डोगाम व ग्राम पंचायत सरगीपाल कोरपादडोगाम जाटम में भी बैठक की गई।

इस अवसर पर नानगुर मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्रही, प्रकाश रावल, उदय दुबे, डमरू, कोरपाल सरपंच एवं बुथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुराने क्षतिग्रस्त पौधों को बचाने लगाए गए ट्री गार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर एवं छात्रों ने पुराने पौधों को संरक्षित करने के लिए अंगूठा प्रयास किया गया जिसमें पुराने क्षतिग्रस्त पौधे को पानी देकर सिंचाई किया एवं जानवरों से सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डा. यूएस पैंकरा, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डा. अनुरूप साहू, डा. कमलेश धुरव, डा. केएल आजाद, डा. संदीप सिंह, डा. मुकेश धुरव, डा. करुणा मरावी, डा. नायक, डा. हिंदेश गवेल मौजूद थे। भविष्य में मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड में पानी की समस्या देखते हुए अधिष्ठाता ने आश्वासन दिया कि इस ग्राउंड में हैंड पंप के लिए प्रयास किया जाएगा ताकि पौधे को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट आमचो बस्तर, आमचो अस्पताल में आक्सीजन अभियान की शुरुवात की थी। जिसमे छात्र, छात्राएं एवं डाक्टर हर साल पर्यावरण सप्ताह 1 जुलाई डॉक्टर्स डे से 7 जुलाई तक प्लांटेशन का कार्यक्रम करते है। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी संपत झा का विशेष योगदान रहता है जो स्टूडेंट को फ्री में पौधे मुहैया कराते है।







